# कोरोना से लड़ने की तैयारी / सीफेट ने सब्जियां व फल कीटाणु मुक्त करने को बनाई ओजोन आधारित मशीन

फल एवं सब्जियों को कीटाणु मुक्त करने वाली मशीन।

- **फल-सब्जियाें की सतह पर लगे वायरस को निष्क्रिय कर देती है मशीन**
- **मशीन बनाने में वैज्ञानिकों को आया 3500 रुपए का खर्च**

**दैनिक भास्कर**

**May 27, 2020, 06:47 AM IST**

**लुधियाना. (दिनेश वर्मा)** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (सीफेट) लुधियाना के वैज्ञानिकों ने फल एवं सब्जियों को कीटाणु और विषाणु मुक्त करने के लिए ओजोन सिद्धांत पर आधारित नायाब मशीन तैयार की है। डॉ. आरके सिंह निदेशक सीफेट की अगुवाई में डॉ. रणजीत सिंह, डॉ. के नरसइया और सूर्या ने तैयार किया है।

सीफेट के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अन्वेषक डॉ. रणजीत सिंह ने बताया कि मशीन को उपयोग करने के लिए साफ बर्तन में पानी लें। फल-सब्जियों को उसमें भिगो दें। मशीन को ऑन कर टाइमर स्विच के जरिए टाइम सेट करें। ऐसा करते ही ओजोन हवा बननी शुरू हो जाती है। इसको इस मशीन में लगे नोजल पाइप के जरिए बर्तन में डुबो दिया जाता है। इससे फल-सब्जियाें की सतह पर लगे वायरस निष्क्रिय हो जाते हैं। मशीन तैयार करने में ~3500 लागत आई हैं। इसकी जानकारी ciphet.icar@gmail.com से भी ले सकते हैं।

https://www.bhaskar.com/local/punjab/ludhiana/news/cefet-makes-ozone-based-machine-to-make-vegetables-and-fruits-germ-free-127344399.html